पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 28 जनवरी 2020



केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन इलाहाबाद में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जीएम कोर यशपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। रेल सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। उनके द्वारा एक आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई। महाप्रबन्धक यशपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान वर्ष में रेलवे बोर्ड ने कोर को लगभग 4000 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी 2020 तक 1701 रूट किलोमीटर ट्रैक का विद्युतीकरण कर दिया गया है। इसमें गुंजेरिया न्यू जलपाईगुड़ी रूट के विद्युतीकृत हो जाने से कटिहार से लेकर न्यू जलपाईगुड़ी एवं भदौसा मानिकपुर के विद्युतीकृत हो जाने से इलाहाबाद से झांसी तक विद्युत इंजनों का निर्बाध परिचालन संभव हुआ है। कोर को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के प्रमुख वित्त सलाहकार को वर्ष 2019 में रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया है। सितम्बर में नगर राजभाषा कार्यान्वन समिति इलाहाबाद द्वारा कोर को राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाप्रबन्धक कोर ने रेलवे सुरक्षा बल, सास्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों और सहयोगी विभागों के लिए कई पुरस्कारों की घोषणा की। रेल विद्युतीकरण के त्रिवेणी विहार रेलवे कालोनी में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। रेल विद्युतीकरण की विभिन्न परियोजनाओं अंबाला, अहमदाबाद, दानापुर, जयपुर, लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी, बेंगलुरू एवं सिकंदराबाद में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

युनाइटेड भारत, प्रयागराज, 28 जनवरी, 2020



रेल विद्युतीकरण संगठन के कार्यालय प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूम-धाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई। महाप्रबन्धक ने इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। कोर को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के प्रमुख वित्त सलाहकार को वर्ष २०१९ में रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया है। सितम्बर में नगर राजभाषा कार्यान्वन समिति इलाहाबाद द्वारा कोर को राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोर द्वारा भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप सरकारी.ई.मार्केट प्लेस लागू कर दिया है जो पूरी तरह से कागज रहित खरीद प्रक्रिया है। महाप्रबन्धक ने रीवो की समाज कल्याण और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में अच्छे काम के लिए प्रशंसा की। महाप्रबन्धक के संदेश के पश्चात एक भव्य सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाप्रबन्धक कोर ने रेलवे सुरक्षा बल सास्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों और सहयोगी विभागों के लिए कई पुरस्कारों की घोषणा भी की। अध्यक्षा रीवो रचना सिंह ने सास्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया। रेल विद्युतीकरण के त्रिवेणी विहार रेलवे कालोनी में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। रेल विद्युतीकरण की विभिन्न परियोजनाओं अंबाला, अहमदाबाद, दानापुर, जयपुर, लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी, बेंगलूरू एवं सिकंदराबाद में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा महाप्रबन्धक का गणतंत्र दिवस संदेश पढ़ा गया।

समय से पहले समय पर नजर
न्यायाधीश
प्रयागराज मंगलवार 28 जनवरी, 2020

# केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन इलाहाबाद में गणतंत्र दिवस मनाया गया



प्रयागराज।केन्द्रीय रेल विद्य1तीकरण संगठन इलाहाबाद के कार्यालय प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूम.धाम और हर्षौल्लास से मनाया गया। श्री यशपाल सिंहए महाप्रबन्धकध्कोर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई। महाप्रबन्धक महोदय ने इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

महाप्रबन्धक ने अपने संदेश में बताया कि वर्तमान वर्ष मेंए रेलवे बोर्ड ने कोर को लगभग 4000 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया है। उन्होंबने बताया कि 15 जनवरीए 2020 तक 1701 रूट किलोमीटर ट्रैक का विद्युतीकरण कर दिया गया है। इसमें गुंजेरियादृन्यू जलपाईगुड़ी रूट के विद्युतीकृत हो जाने से कटिहार से लेकर न्यू जलपाईगुड़ी एवं भदौसा.मानिकपुर के विद्युतीकृत हो जाने से इलाहाबाद से झांसी तक विद्युत इंजनों का निर्बाध परिचालन संभव हुआ है। कोर को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के प्रमुख वित्त सलाहकार को वर्ष 2019 में रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया है। सितम्बर में नगर राजभाषा कार्यान्वन समितिए इलाहाबाद द्वारा कोर को राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोर द्वारा भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप सरकारी.ई.मार्केट प्लेस ;ळमडद्ध को पूर्णतः लागू कर दिया है जो पूरी तरह से कागज रहित खरीद प्रक्रिया है। महाप्रबन्धक ने रीवो की समाज कल्याण और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में अच्छे काम के लिए प्रशंसा की।महाप्रबन्धक के संदेश के पश्चात एक भव्य सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाप्रबन्धक कोर ने रेलवे सुरक्षा बलए सास्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों और सहयोगी विभागों के लिए कई पुरस्कारों की घोषणा भी की। अध्यक्षा रीवो रचना सिंह ने सास्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया। रेल विद्युतीकरण के त्रिवेणी विहार रेलवे कालोनी में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। रेल विद्युतीकरण की विभिनन परियोजनाओं अंबालाए अहमदाबादए दानापुरए जयपुरए लखनऊए न्यू जलपाईगुड़ीए बेंगलुरू एवं सिकंदराबाद में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा महाप्रबन्धक का गणतंत्र दिवस संदेश पढ़ा गया।

अमर उजाला
प्रयागराज
मंगलवार, 28 जनवरी 2020
8

## 1701 रूट किमी ट्रैक का विद्युतीकरण

**प्रयागराज।** केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) के जीएम यशपाल सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोर मुख्यालय में झंडारोहण किया। उन्होंने कोर की तमाम उपलब्धियों का जिक्र किया। कहा कि बोर्ड ने कोर को तकरीबन चार हजार किलोमीटर विद्युतीकरण का लक्ष्य दिया था। 15 जनवरी 2020 तक 1701 रूट किमी ट्रैक के विद्युतीकरण का कार्य कर लिया गया है।

हिन्दुस्तान
प्रयागराज • मंगलवार • 28 जनवरी 2020

## जीएम कोर ने दी बधाई

कोर कार्यालय में जीएम कोर ने ध्वज फहराया। उन्होंने कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। देश के संविधान और इसके महत्व के बारे में बताया। सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए काम करेंगे।

प्रयागराज, 28 जनवरी 2020 दैनिक जागरण

# गतिशीलता ही एनसीआर की पहचान

जासं, प्रयागराज : गणतंत्र दिवस पर उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) मुख्यालय, केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) और डीएसए मैदान पर तिरंगा फहराया गया। एनसीआर मुख्यालय में ध्वजारोहण के दौरान महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने कहा कि गतिशीलता की हमारी पहचान है। इसे हमेशा बरकरार रखना होगा। जीएम ने एनसीआर के जनसंपर्क अधिकारी मनीष सिंह और 16 कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। रीवो की अध्यक्ष रचना सिंह ने पुरस्कार वितरित किया। उधर, डीएसए मैदान पर डीआरएम अमिताभ ने झंडारोहण किया। डीआरएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 56 रेल कर्मियों को सम्मानित किया। महिला कल्याण संगठन इलाहाबाद मंडल की अध्यक्ष अंजू अमिताभ ने प्लेटफार्म की पाठशाला के 15 बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## आयोजन

- एनसीआर मुख्यालय, कोर और डीएसए मैदान पर झंडा फहराया गया
- उत्तर मध्य रेलवे के पीआरओ मनीष कुमार सिंह को किया गया सम्मानित

### हवाई अड्डे पर फहराया गया सौ फीट ऊंचा झंडा

प्रयागराज : 71वें गणतंत्र दिवस पर हवाई अड्डे पर सौ फीट ऊंचा झंडा फहराया गया। मुख्य अतिथि फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल ने ध्वजारोहण किया। विमानपत्तन निदेशक सुनील यादव ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।